कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::आदेश::

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन इस वर्ष दिनांक 05.09.2018 को जयपुर में वृहद् स्तर पर होने जा रहा है, जिसमें नवनियुक्त शिक्षकों की भागीदारी हेतु उन्हें शासकीय निर्देशानुरूप आमंत्रित किए जाने एवं उनके पहचान पत्र निर्मित कर वितरित किए जाने की कार्यवाही समस्त जिलों में व्यापक स्तर पर सम्पादित की जा रही है। इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 21.08.18 द्वारा उक्त कार्यवाही के प्रबोधन एवं समन्वयन हेतु निदेशालय स्तर पर जिला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन समस्त जिला प्रभारी अधिकारी गण को एतद् द्वारा निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 02.09.18 को संबंधित जिले में उपस्थित होकर उक्त समारोह में भाग लेने वाले समस्त सम्भागियों हेतु जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों की प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं तत्संबधी समस्याओं के निराकरण हेतु समुचित प्रबोधन की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

समस्त जिला प्रभारी गण उक्त दिनांक 02.09.18 से सतत प्रबोधन हेतु संबंधित जिले में निरंतर प्रवास में रहते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को वांछित सहयोग प्रदान करेंगे एवं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों से समन्वय रखेंगे। तत्पश्चात् दिनांक 05.09.18 को आयोज्य राज्य स्तरीय समारोह हेतु समस्त आमंत्रित शिक्षक गणों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए स्वयं समारोह स्थल पर प्रतिभागी शिक्षकों तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के संबंधित अधिकारियों/कार्मिकों को साथ लेकर उपस्थित होंगे।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/2017–18 **दिनांक : 29.08.18**

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. समस्त मंडल उपनिदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।
8. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, कार्यालय हाजा।
9. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
10. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
11. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर